inspire
अभिप्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान खोज में नवोन्मेष
Innovation in Science Pursuit for Inspired Research

भावी नवप्रवर्तकों की

प्रेरणा

इंस्पायर अवार्ड्स – मानक

स्कूली बच्चों में नवप्रवर्तन और रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक पहल है।

1 राज्य और जिला स्तर के पदाधिकारियों में इंस्पायर अवार्ड्स - मानक कार्यक्रम के प्रति जागरूकता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए देशभर में क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन, जिसमें साहित्य और ऑडियो-विजुअल टूल के जरिए योजना से सम्बंधित जानकारियों से अवगत कराया जाएगा।

2 प्राचार्य द्वारा स्कूलों में आइडिया प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों के दो से तीन मौलिक विचारों का चयन किया जाएगा, जिसका ऑनलाइन नामांकन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग-भारत सरकार, के वेबपोर्टल E-MIAS (E-Management of INSPIRE Awards-MANAK Scheme) पर किया जाएगा।

3 नए/अपंजीकृत विद्यालय वेब पोर्टल (E-MIAS) पर स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं।

4 राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत (रानप्र) द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित सामाजिक जरूरतों को पूरा करने वाले एक लाख विचारों का चयन किया जाएगा।

5 चयनित छात्रों को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (Direct Benefit Transfer) योजना के जरिए सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी।

6 राज्य और जिला स्तर के प्राधिकारियों द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यहां से 10 हजार विचारों/नवप्रवर्तनों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के लिए किया जाएगा।

7 राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन, जहां से 1000 विचारों/नवप्रवर्तनों का चयन किया जाएगा। इस स्तर पर रानप्र - भारत, देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के सहयोग से विद्यार्थियों के प्रोटोटाइप/मॉडल विकसित करने में मदद और सलाह उपलब्ध कराएगा।

8 विचारों/नवप्रवर्तनों का चयन उसकी नवीनता, सामाजिक उपयोगिता, पर्यावरण की अनुकूलता, उपयोगकर्ताओं के लिए अनुकूलता और वर्तमान में मौजूद तकनीक से बेहतरी के आधार पर होगा।

9 चयनित 1000 विचारों/नवप्रवर्तनों को राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां से श्रेष्ठ 60 को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा।

10 राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत, चयनित सभी 60 विचारों/नवप्रवर्तनों की उपयोगिता, व्यवसायिकता की संभावनाओं की जांच कर उसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और रानप्र-भारत की अन्य योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करेगा और सभी प्रोटोटाइप को वार्षिक नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा।

इंस्पायर अवार्ड्स मानक

राष्ट्रीय आकांक्षा और ज्ञान को बढ़ाते लाखों मस्तिष्क

DST@50 1971-2021
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान
National Innovation Foundation - India
Autonomous Body of the Department of Science and Technology, Govt. of India